कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, **भारत सरकार**)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India**)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

**क्षेत्रीय कार्यालय झारखण्ड**
पंचदीप भवन, नामकुम, राँची-834010
PANCHDEEP BHAWAN, NAMKUM, RANCHI-834010
Phone : 0651-2960319 Email : rd-jharkhand@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आंचलिक कार्यालय, पूर्वी क्षेत्र, राँची झारखण्ड में प्रथम बीमा आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण किया गया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आंचलिक कार्यालय, पूर्वी क्षेत्र के समस्त हितधारकों को सूचित किया जा रहा है कि दिनांक – 27 मार्च, 2023 को बीमा आयुक्त श्री प्रणय सिन्हा ने आंचलिक कार्यालय, पूर्वी क्षेत्र, राँची में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय राँची के प्रांगण में श्री प्रणय सिन्हा, बीमा आयुक्त का स्वागत-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही श्री रामजी लाल मीना, अपर आयुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक का विदाई समारोह आयोजन किया गया। जिनका भी पदोन्नति बीमा आयुक्त के पद पर होने के साथ आंचलिक कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद में स्थानांतरण हुआ है। जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त अधिकारिगण, चिकित्सकगण एवं कर्मचारिगण उपस्थित थे।

श्री सिन्हा को प्रशासनिक कार्यों का काफी लम्बा अनुभव है। आंचलिक कार्यालय पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पाँच राज्य झारखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ में अवस्थित क्षेत्रीय/उप- क्षेत्रीय कार्यालय आते हैं। यह पहला अवसर है कि बीमा आयुक्त की इस क्षेत्र में नियुक्ति की गई है, जिससे आंचलिक कार्यालय पूर्वी क्षेत्र झारखण्ड के साथ-साथ उपरोक्त सभी राज्यों के नियोजकों, बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को बेहतर लाभ एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सकेगा।

27/03/2023

उप -निदेशक (समन्वय)